26

**Construction of Amenity Building (G+4) at Sub division Civil Court Udakishunganj dist. Madhepura (Including Electrification Work), Tender ID– 119725 का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की दिनांक–24.04.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–<br>विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iii) | **ई0 रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction of Amenity Building (G+4) at Sub division Civil Court Udakishunganj dist. Madhepura (Including Electrification Work), Tender ID– 119725 |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | – | ₹7,58,59,000/– (विधि विभाग का ज्ञापांक –3056 दिनांक–16.05.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (असैनि कार्य) | – | ₹6,84,54,037/– (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक–1370(नि0)अनु0 दिनांक–21.08.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹6,63,49,886/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 02.12.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 04.01.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 05.01.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–29.12.2025 को 1:00 बजे मुख्य अभियंता(उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–22.12.2025 को 1:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12(बारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक भास्कर, दिनांक–05.12.2025 |
| 12 | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 018850(भवन)2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) Deepak Kumar Singh, Vishnudev Bhawanpurab Bazar Ward No-31,Saharsa (Reg.no- 2240175, BCD Class-2) |
| | | – | (ii) M/S C S Construction, Siksha Colony, Ward No-07, Purnea (Reg.no- 1250073, RWD Class-1) |

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा</u> :-

**<u>प्रथम बार आमंत्रित निविदाः-</u>** विषयांक्ति कार्य हेतु **प्रथम** बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के सफल रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर **पुनर्निविदा** करने का निर्णय लिया गया था।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित निविदाः-(वर्त्तमान में)</u>:-** विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त दो निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा का पत्रांक-120 अनु0 दिनांक-25.02.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किय गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया कि:-

(i) प्रथम निविदाकार "Deepak Kumar Singh, Vishnudev Bhawanpurab Bazar Ward No-31,Saharsa (Reg.no- 2240175, BCD Class-2)" हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। इनके द्वारा SBD की कंडिका-4.5A(b) के अन्तर्गत Experience of Work of Similar Nature. में मांगी गयी राशि ₹3,31,74,943/- के विरूद्ध ₹3,06,16,224/- मात्र है। एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अन्तर्गत Earth work के लिए मांगी गयी न्यूनतम अहत्ता की मात्रा 1519.55 cum के विरूद्ध मात्रा 641 cum है। फर्नीचर का कार्य में मांगी गयी न्यूनतम अहर्त्ता ₹30,71,910/- के विरूद्ध शून्य है। एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु Sublet किये गये ऐजेंसी से mutual affidavit संलग्न नहीं किया गया है। Clause-4.5B(a) of SBD : Plants and equipments, Clause-4.5B(b) of SBD : Key Personnels and their experience & Clause-12.1 (iv) of SBD: (As per Section-2 of SBD), का Affidavit संलग्न नहीं किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की उक्त कंडिकाओं में ''नॉन-रिस्पॉन्सिव'' पाया गया एवं तकनीकी बीड में ''असफल'' घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "M/S C S Construction, Siksha Colony, Ward No-07, Purnea (Reg.no-1250073, RWD Class-1)" हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **''रिस्पॉन्सिव''** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **''सफल''** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः</u>-

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा में भाग लिये **दोनों निविदाकार में से एकमात्र निविदाकार** "M/S C S Construction, Siksha Colony, Ward No-07, Purnea (Reg.no- 1250073, RWD Class-1)" **को सफल एवं अन्य एक निविदाकार** "Deepak Kumar Singh, Vishnudev Bhawanpurab Bazar Ward No-31,Saharsa (Reg.no- 2240175, BCD Class-2)" **को असफल** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्लोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

16. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को दिनांक-30.04.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक दावा/आपत्ति हेतु विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय। यदि निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकार के वित्तीय बीड पर अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

24/4/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार
भ0नि0वि0, पटना।

(रामाज्ञा कुमार) 24.4.26
मुख्य अभियंता(उत्तर)
भ0नि0वि0, पटना।

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

24/4/26
(कुमार रवि)
सचिव
भ0नि0वि0, पटना।

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(स0)-55/2025-2322 पटना, दिनांकः-24/4/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.4.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।